समाननामरूपत्वाच्चावृत्तावप्यविरोधो दर्शनात्स्मृतेश्च ।१।३।३०।

प्राकृतप्रलयेऽपि वेदनित्यताविषये न विरोधः । सृज्यपदार्थानां पूर्वसर्गसमाननामरूपत्वात् । अयम्भावः । सर्वज्ञः सर्वशक्तिः परमपुरुषः प्राकृतप्रलयानन्तरं [सर्गादौ] जागतिकवस्तुजातं पूर्वनामाकृ-

---

ष्टानि । एतदेव दर्शयति स्ववचसा वृत्तिकारः "एतदनुरोधेनेत्यादि" वेदस्य नित्यताप्रतिपादकवाक्यानुरोधेन "त्रयो वेदा" इत्यादि वाक्यानि कल्पादौ सम्प्रदायप्रतिपादकप्रादुर्भावपरकाणि नतु जन्यताप्रतिपादकानीति सर्वं समञ्जसमिति संक्षेपः ॥२९॥

विवरणम् :- ननु "एष नैमित्तिको राजन् प्रलयो यत्र विश्वसृक् । शेतेऽनन्तासने नित्यमात्मसात्कृत्यचाखिलम्" इति पुराणलक्षितवर्तमानप्रजापतेर्दिवसाननिमित्तकजन्यपदार्थविनाशमूलकप्रलयकालान्तर तदीयप्रातःकालिकद्वितीयादिनादिकाले सुप्तोत्थितः प्रजापतिः पूर्वदिनानुभूतसकलपदार्थजातं वेदं च संस्मृत्य वेदशब्दोच्चारणपूर्वकसर्वपदार्थं तदाकृतिस्मरणपूर्वकं संसृजन वेदादि वस्तूनां प्रवाह- सिद्ध होता है तब "त्रयोवेदा" इत्यादि वाक्य वेद के आविर्भाव मात्रपरक है ऐसा मानो । और श्रुति बाधित होने से अनुमान तो आभासमात्र है । इसका विशेष विवरण आनन्दभाष्यविवरण में देखें । इसी विषय को वृत्तिकार ने "एतदनुरोधेन" इस प्रकार से बतलाया है ॥२९॥

सारबोधिनी—चार हजार युग का ब्रह्माजी का एक दिन होता है इसी तरह रात्रि काल भी चार हजार युग परिमित ही होता है, तो ब्रह्माजी का दिवसावसान मूलक जो नैमित्तिक प्रलय होता है । तदनन्तर पुनः ब्रह्माजी के दिन का प्रारम्भरूप नवीन सर्ग पूर्वदिनानुभूत सब पदार्थों को स्मरण करके प्रजापति पुनः सृष्टि करते हैं यह कहलाता है नैमित्तिक प्रलय । "एष नैमित्तिको राजन् प्रलयो यत्र विश्वसृक् । शेतेऽनन्तासने

तिवदेव समुत्पादयति । स्वान्तर्निहितान् गतकल्पीयस्वरवर्णानुपूर्वी-मतो वेदानपि पूर्ववदेव चतुर्मुखमुत्पाद्य तमध्यापयति । तद्द्वाराम्ना-यसम्प्रदायमविच्छिन्नमेव प्रवर्तयति । एतच्च 'यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै, 'धाता यथा पूर्वमकल्पयत्" ऋषीणां नामधेयानि यथा वेदश्रुतानि वै । तथा नियोगयोग्यानि

नित्यत्वं तु सिद्ध्यतु नाम । परन्तु "द्विपरार्धेत्वतिक्रान्ते ब्रह्मणः परमे-ष्ठिनः । तदा प्रकृतयः सप्त कल्प्यन्ते प्रलयाय हि" इति पुराणलक्षण लक्षितप्रजापतेरायुः समाप्त्यनन्तरं सूक्ष्मपंचतन्मात्राहंकारमहत्तत्वान्त प्रकृतीनां विनाशे परमेष्ठिनोऽपि प्रारब्धकर्म समाप्त्या विनाशात् उत्पादकस्योत्पाद्यस्य चाभावात् कथं कः कं संस्मृत्य समुत्पादयन् वैदिकशब्दानां नित्यत्वमवगमयिष्यति । ततश्च कथमुच्यते नित्येभ्यो वैदिकशब्देभ्यो व्यक्तिनामुत्पादात् वैदिकशब्दानां नित्यत्वं समुत्पा-दकस्य कर्तुरुपादानस्य च सूक्ष्मतन्मात्रादि महत्तत्वान्तकारणस्यापगमात् प्राकृतप्रलये । इत्याशङ्कांनिरसितुं सूत्रं व्याख्यातुश्च प्रक्रमते "प्राकृतप्रलयेपि" इत्यादि "यद्यपि नैमित्तिकप्रलये वेदस्य नित्यता प्रतिपादिता "अत एव च नित्यत्व" मिति सूत्रेण तथापि प्राकृतप्रलये समुत्पादकस्य प्रजायतेस्तत्सहकारिणो महत्तत्वादेरुपादानस्य चाभावेन नित्य मात्मसात्कृत्य चाखिलम्" एतादृश नैमित्तिक प्रलय में प्रजापति वेद शब्द द्वारा इन्द्रादि रूप अर्थ का निर्माण करते हैं । तो इस प्रकार से वेद में नित्यत्व की सिद्धि हो, परन्तु प्राकृत प्रलय में तो ब्रह्मा का भी प्रलय होता है तथा पांच तन्मात्रा अहंकार बुद्धि तत्व इन सबका विनाश हो जाता है और स्रष्टा का भी अभाव हो जाता है । तब किस तरह पुनः सर्ग होगा ? तथा किस तरह से वेद में नित्यत्व सिद्ध होता है । इस शङ्का का निराकरण करने के लिए कहते हैं "प्राकृत प्रलयेऽपीत्या-दि" । प्राकृत प्रलय में भी वेद की नित्यता के विषय में कोई विरोध

ह्यन्येषामपि सोऽकरोत्" [वि० पु० १।५।६४।] इत्यादि श्रुतिस्मृतिभ्यश्चावगम्यते । तस्मादस्त्येव देवादीनामपि ब्रह्मविद्यायामधिकार इति सिद्धम् ॥३०॥

इति श्रीरघुवरीयवृत्तौ देवताधिकरणम् ॥७॥

कथं वेदस्य नित्यतेति शङ्कां मा कुरु । कुतः ? तत्राह प्राकृत प्रलयेऽपि वेदनित्यता विषये विवादो न करणीयः प्राकृतप्रलयेऽपि वेदनित्यतायां विरोधो नास्तीत्यर्थः। तत्र हेतुमग्रे वक्ष्यति। अयमेवार्थः "प्राकृत प्रलयेऽपि" इत्यत्रापि शब्देनाभिव्यञ्जितः। तत्र "समानरूपत्वाच्च" इत्याकारकहेतु दर्शनायाहाचार्यः "सृज्यपदार्थानाम्" इत्यादि। सृज्यपदार्थानां वेदानां देवादीनां च प्रारीप्सितसर्गापेक्षया पूर्वसर्गे यादृशं नामयादृशञ्च रूपमासीत् तादृशमेवनाम रूपादिकमिदानीमपि दृश्यते। नहि यस्य पदार्थस्य यादृशं नामरूपादिकमस्मिन् सर्गे ततो विलक्षणं भिन्नमेव नाम रूपञ्चासीत् पूर्वसर्गे।

अमुमेवार्थं स्पष्टयितुमाह "अयं भावः" इति। अभिप्रायमेव विशदयितुमग्रिमग्रन्थमवतारयति "सर्वज्ञः" इत्यादि। सत्यं प्राकृत प्रलयानन्तरं नास्ति कश्चिदुत्पादकः परन्तु सर्वथा सर्वविषयकज्ञानवान् सर्वशक्तिमान् परमपुरुषः श्रीसाकेताधिपतिः स्वयमेव प्राकृतप्रलयस्य

नहीं है। क्योंकि सृज्यमान जो उत्तर कालिक पदार्थ समुदाय हैं उनका पूर्व कालिक सर्गके समान ही नाम रूप होता है।

इस "समान नाम रूपत्वात्" का स्पष्टीकरण करने के लिए वृत्तिकार कहते हैं "अयंभावः" इत्यादि। यहाँ कहने का अभिप्राय यह है कि सर्वज्ञ सर्व विषय का सामान्य रूप से तथा विशेष रूप से ज्ञानवान् तथा सर्वशक्तिमान् परम पुरुष श्रीसाकेताधिपति प्राकृत प्रलय के अनन्तर पुनः होनेवाला जो सर्ग है उसके प्रारम्भकाल में जागतिक संसारस्थित सकल पदार्थ का पूर्वकालिन नाम तथा आकृति विशिष्ट को पुनः उत्पादन करते

समाप्तेरनन्तरं नवीनसर्गस्यादिकाले सृज्यमानप्राणि शुभाशुभकर्म सहकृतो जगतीतलस्थित सकलपदार्थसमुदायं पूर्वसर्गकालिक नामाकृतिविशिष्टमेव समुत्पादयति तदुक्तमाचार्यशिरोमणिजगद्गुरु श्रीश्रुतानन्दाचार्येण श्रौतसिद्धांतबिन्दौ "विकारश्चरामोदयाब्धिस्तथात्वे दयाशून्यतां पक्षपातश्च नैति । प्रकारे विकारस्तथा चित्रसृष्टौ च हेतुर्यतः प्राणिनां प्राच्यकर्म इति । न केवलमुपभोग्यवस्तुजातमेवोत्पादयति किंतु स्वान्तर्निहितान् स्वप्रकृतित्वेन स्वस्मिन् अव्यवस्थितान् अतिक्रान्तकल्पस्थितान् स्वरवर्णानुपूर्वीमतो ऋगादिवेदान् शब्दराशीनपि समुत्पादयति। तथा पूर्वकल्पवत् नवीनकल्पे चतुर्मुखनामकं प्रजापतिमपि नवीनमेवोत्पादि। भगवान् के अभ्यन्तर में अवस्थित पूर्वकल्पस्थित स्वरवर्ण तथा आनुपूर्वी विशिष्ट ऋगादि वेदों को भी पूर्व के समान हीं चतुर्मुख प्रजापति को उत्पन्न करके उस प्रजापति को तादृश वेदों का अध्ययन कराते हैं। तथा प्रजापति के द्वारा अविच्छिन्न वेद संप्रदाय को भी चलाते हैं ये सब विषय "यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वम्" साकेताधिपति ने पहले तो ब्रह्माजी को बनाया उसके बाद ब्रह्म–प्रजापति को वेद प्रदान किया। धाता प्रजापतिजी ने यथापूर्व जिस प्रकार से अनेक कल्पों में पदार्थों की उत्पत्ति हुई थी, उसी रूप से सब पदार्थों को –तत्तत् आकृति विशिष्टों को बनाया"। "जिन ऋषियों का जैसा रूप अर्थात् आकृति–वेद में सुना गया है। उसी तरह नियोग योग्य नामरूप को बनाया, एवं अन्यवस्तु देवता वेद मनुष्य तिर्यगादिकों का नामरूप वेद प्रतिपादित रूप से बनाया" इत्यादि श्रुति स्मृतियों से जाना जाता है कि प्राकृत प्रलय के बाद में भी पुनः भगवान् प्रजापत्यन्तर का निर्माण करके संसार प्रवाह को अविच्छिन्न रूप से व्यवस्थित रखते हैं। प्रजापति तो केवल सर्ग कार्य तथा प्रलय में द्वार मात्र हैं। मुख्य कारण तो सर्वतन्त्र स्वतन्त्र श्री सीतानाथ हो हैं। वाल्मीकिय रामायण में भी कहा है कि—

दयति जगद्व्यवहारव्यवस्थापकम् । समुत्पाद्य च तादृशप्रजापतिं करुणाकुपारस्तं वेदमविकलमध्यापयति । "यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै" इत्यादि श्रुत्युक्तेः । अध्याप्य च वेदं प्रजापतिद्वारा अविच्छिन्नं शब्दराशिरूपं वेदसम्प्रदायमपि प्रवर्तयति येनाद्यावध्यविकलो वेदसंप्रदायोऽनुवर्तते अनुगतो भविष्यति चातः परमपि । तदयं सूत्रार्थः आवृतौ प्राकृतप्रलयानन्तरमपि वेदनित्यता विषये विरोधो नास्ति कुतः ? समाननामत्वात् सृज्यमानपदार्थानां सृष्टैः पदार्थैः । तत्र हेतुः दर्शनात् स्मृतेश्च । तत्र दर्शनं श्रुतिः । यथा प्रत्यक्षं स्वप्रामाण्ये स्वेतरानपेक्षम् तथव श्रुतिरति स्वप्रामाण्ये स्वेतरानपेक्षत्वात् दर्शनवदेव भवति दर्शनपदबोध्यतां लभते । तथा स्मृतेरपि श्रुत्यनुकूलस्मृतिबलेनाऽपि समाननामरूपवत्वं सृज्यानां संसाधितं भवतीति । श्रुतिस्मृत्यादिप्रमाणसञ्चयं कर्तुं प्राह "एतच्चेत्यादि" एतत्सर्वं समाननामवत्वादिकं सृज्यानां श्रुति-

"संक्षिप्य हि पुरा लोकान् मायया स्वयमेव हि ।
महार्णवे शयानोऽप्सु मां त्वं पूर्वमजीजनः ॥१॥"
पद्मे दिव्यार्कसंकाशे नाभ्यामुत्पाद्यमामपि ।
प्राजपत्यं त्वया कर्म मयि सर्वं निवेशितम् ॥२॥"

हे सर्वनियामक जगद्गुरो ? पूर्वकाल में आपने स्वकीय विलक्षण माया के द्वारा सर्व पदार्थ को जो कि आपका शेषरूप है उनको सूक्ष्मावस्था का आपादन करके अपने अन्दर में संक्षिप्त विलीन करके दिनात्यय में नीड़ में पक्षी के समान, स्वयं महा समुद्र में शयन करनेवाले आपने पूर्व में प्राकृत प्रलयानन्तर जायमान सर्ग के आदिकाल में मुझको उत्पन्न किया । एतावता पदार्थ मात्र के प्रति भगवान् को शेषित्व का अभिव्यंजन होता है ॥१॥ तथादिव्य सूर्य के प्रकाश के समान प्रकाश विशिष्ट नाभि कमल में मुझको उत्पन्न करके आपने मुझको प्रजापत्य का भार भी सौंप दिया ।

स्मृतिभ्योऽवगतं भवति तत्र प्रथमं श्रुतिमुदाहरति "यो ब्रह्माणमित्यादि." यः सर्वशक्ति समन्वितः श्रीसाकेताधिपतिः प्राकृतप्रलयानन्तरं जगद्व्यवहारसंचालकं ब्रह्माणं प्रजापतिं विदधाति समुत्पादयति। तदनन्तरं व्यवहारप्रयोजकं सर्वानेव वेदान्समुत्पादयति ततो वेदमुत्पाद्योत्पन्नं प्रजापतिं ग्राहयत्यध्यापयति च। तदन्याध्यापकस्य तत्राभावात्। यथा पूर्वकल्पे पदार्थाः, आसन् तथैव कल्पान्तरेऽपि धाता सर्वसर्जकः परमपुरुषः श्रीसाकेताधिपतिरकल्पयत् समुत्पादितवान्। इत्यादि श्रुत्याऽवगतं भवतीति। स्मृतिमुदाहरति "ऋषीणा" मित्यादि। स परमपुरुषः ऋषीणां तदन्येषां सर्वेषामपि सृज्यमान वस्तूनां विभागपूर्वकं यथा कार्यं च समुत्पादयामासेत्यर्थः। एभिः श्रुतिस्मृतिशतैः प्राकृतप्रलयानन्तरमपि सर्वशक्तिमता परमेश्वरेण सर्वं समाननामरूपकमेव समुत्पादितं भवतीति नैमित्तिकप्रलये प्राकृत प्रलयेऽपि वेदस्य नित्यता विहता न भवति। सेयं नित्यता प्रवाह नित्यतेति गीयते। एवं च यथा मनुष्याणामधीतवेदानां ब्रह्मविद्यायामधिकारो भवतीति सिद्धस्तथैव देवानां ऋषीणामपि ब्रह्म-

मैं आप से प्राजापत्य भार को लेकर के आपकी सेवा कर रहा हूँ आप कृपया मेरी रक्षा करें। हे भगवन्! रक्षार्थ कार्य को करने के कारण से ही आपको विष्णु सर्व रक्षक कहा जाता है। इत्यादि अनेक प्रमाण से सिद्ध होता है कि प्राकृत प्रलय के बाद पुनः श्री साकेताधिपति सर्ग ब्रह्माण्डों को बनाते हैं। और उसमें सर्व प्रथम प्रजापति को उत्पन्न कर उसको वेद पढाकर के उन प्रजापति के द्वारा जागतिक सकल व्यवहार का संपादन करते हुए जगत प्रवाह को अविकल रूप से संचालन करते रहते हैं इस प्रकार वेद के नित्यत्व होने से तद्द्वारा सकल पदार्थों का समान–नामरूपवत्व होता है और प्रकृत प्रलय में भी वेद नित्यता

मध्वधिकरणम् ॥८॥

मध्वादिष्वसम्भवादनधिकारं जैमिनिः ।१।३।३१।

सामान्येन देवादीनामपि ब्रह्मविद्यायामधिकारस्य निर्णीतत्वात्तत्र विशिष्टं विचार्यते । यत्रैकस्या एव देवताया उपास्योपासकत्वं "असौ वा आदित्यो देवमधु" [छा० ३।१।१।] इत्यादिषु श्रुतं तत्र

विद्यायामधिकारो भवत्येव । यतोऽधिकारकारणस्यार्थित्वसामर्थ्यस्य चोभयत्र सद्भावादिति कृतंपल्लवितेनेतिदिक् । ॥३०॥

इति श्रीजगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य रामप्रपन्नाचार्यकृतौ श्रीरघुवरीयवृत्तिविवरणे देवताधिकरणम् ॥७॥

विवरणम्—पूर्वप्रकरणे यथा मनुष्याणामधिकारस्तथा देवादीनामपि ब्रह्मविद्यायामस्त्येवाधिकारोऽर्थित्वसामर्थ्ययोरधिकारकारणस्य देवादेरपि संभवादित्यादि विचारितवान् । परन्तु यत्रोपासनायां देव विशेष एवोपास्यतया निर्दिष्टस्तादृशोपासनायां तस्य देवस्याधिका-

का विरोध नहीं होता है । इस प्रकार प्रामाणिक अर्थित्व सामर्थ्य होने से देवताको भी ब्रह्मविद्या में अधिकार है यह सिद्ध होता है ॥३०॥

इति देवताधिकरणम् ॥७॥

सारबोधिनी—तदुपर्यपि बदरायणः इस सूत्र में निर्णय किया कि जिस तरह अधिकार का कारण अर्थित्व सामर्थ्य मनुष्य में है उसी तरह अधिकार का कारण देवादिक में भी है अतः मनुष्य के समान देवता को ब्रह्म विद्या में अधिकार है । तो अब यहां पूर्वपक्ष होता है कि ब्रह्म विद्या में देवताओं का अधिकार है तब इतर विद्या भी तो विद्या ही है यथा मधुविद्यादिक तो उसमें भी देवताओं का अधिकार होना चाहिए अगर इष्टापत्ति माने तो, वह असंभवित है । जैसे "आदित्यो देवमधु" इस मधुविद्या में आदित्यादिक देव उपास्य तया श्रुत हैं । तो वही उसका उपासक किस तरह हो सकते है एक क्रिया के प्रति जो कर्त्ता होता है वही उस क्रिया के प्रति

तासां देवतानामधिकारोऽस्ति न वेति संशयः। वस्वाद्युपासकानामेव मधुविद्यासूपास्यत्वादुपेयत्वाच्चैकस्या एव कर्मकर्तृत्वे विरोधादुपास्यत्वासम्भवात्। स्वतः सिद्धस्य वसुत्वादेरेवोपेयत्वेन तस्याप्यसम्भवात्तासु विद्यास्वनधिकारं जैमिनिराचार्यो मन्यते ॥३१॥

रोऽस्ति न वेति संशयं कृत्वा तादृशोपासने तद्देवस्य नास्त्यधिकार इति जैमिनेराचार्यस्य मतमसंभवादिति द्योतयितुमाह, "सामान्येन देवादीना" मित्यादि। पूर्वप्रकरणे सामान्यरूपेण मनुष्यवत् इन्द्रादि देवादीनामपि ब्रह्मविद्यायाम्. अर्थित्वसामर्थ्ययोरधिकारकारणसत्वादधिकारोऽस्तीति निर्णयं कृतवान्। तत्रैव वस्तुनि किमपि वैशिष्ट्यम् पुनर्विचार्यते। तत्र यत्रोपास्योपासकयोर्भेदस्तत्र यथा तथा सर्वं भवतु परन्तु यत्र य एवोपास्यः स एवोपासकश्च यथा मधुविद्यासु। तत्र स एव आदित्य उपास्यतया निर्दिश्यते उपासक रूपेणापि। यथा "असौ वा आदित्यो देवमधु" इत्यादि स्थले श्रूयते। एतादृशस्थले

कर्म नहीं होता है। क्योकि कर्म कर्तृभाव भेदमूलक होता है जैसे देवदत्त गाम में जाता है प्रयोग होता है देवदत्त देवदत्त में जाता है ऐसा प्रयोग नहीं होता है। उपदर्शित विरोध होने से। मधु विद्यादिक अवान्तर विद्याओं में असंभव दोष होने से देवताओं का अधिकार नहीं है ऐसी जैमिनि आचार्य की मान्यता है। इन सब विषय का स्पष्टीकरण करने के लिए तथा अग्रिम सूत्रों के आशयों को बतलाने के लिए कहते हैं "सामान्येन देवादीनामपीत्यादि"। इन्द्रादिक देवताओं को भी ब्रह्म विद्या में अधिकार है। क्योंकि अधिकार का कारण अर्थित्व तथा सामर्थ्य देवों में भी है इस प्रकार से सामान्य रूप से पहले निर्णय किया गया है। उसी विषय में कुछ विशेष विषय का विचार किया जाता है। जिस स्थलविशेष में एक ही देवता में उपास्यत्व तथा उपासकत्व प्रतीयमान होता है जैसे मधुविद्या में "असौ वा आदित्यो देव मधु" [यह जो सवितृ मण्डलस्थ आदित्य हैं वे देवता

तस्यैव देवस्याधिकारो भवति न वेति संशयो जायते। तत्रोपास्योपासकयोरेकत्वेनाऽसंभवान्नास्त्यधिकार इति जैमिनिमतम्। एतदेव स्पष्टयति "वस्वाद्युपासकानामेवेत्यादि" मधुविद्यासु वस्वादिकादेवा एव उपास्यतया श्रुताः प्राप्यतया च श्रुता उपासका अपि त एव। अर्थात् उपासनक्रियायास्ते एव कर्त्तारः कर्म च। तदेतत् न संभवति कर्तृकर्मभावस्य भेदघटितत्वात्। नहि भवति देवदत्तो देवदत्तं गच्छति। तद्वत् प्रकृतेप्येकस्योपास्यत्वं तस्यैव चोपासकत्वमपि। एवं स्वतः सिद्धस्य वसुत्वादेरेवोपेयत्वेन उपायोपेयभावस्य भेदघटितत्वेन तस्याप्यसंभवात्। अत एतादृशीसु विद्यासु देवादीनामधिकारो नास्तीति महामुनि जैमिनिराचार्योंमन्यत इति। यत्र यत्र उपास्योपासकयोर्भेदः प्रमाणसिद्धस्तादृशविद्यास्वेव देवादीनामधिकारो भवति। यत्र तु तयोरुपास्योपासकयोरभेदस्तत्रासंभवान्नास्ति तेषामधिकार इति संक्षेपः ॥३१॥

के मधु हैं।] इत्यादि स्थल में सुना गया है। उस विद्या में उन देवताओं को अधिकार अर्थात् उपासना करने का अधिकार हैं। अथवा उस देवता का तादृश विद्या में अधिकार नहीं है। ऐसा संशय होता हैं। एतादृश संशय के बाद उत्तर कहते हैं वसु प्रभृतिक जो देव हैं उन्हीं को मधुविद्या में उपास्य अर्थात् उपासना कर्मत्व तथा उपेय अर्थात् उपासना के द्वारा प्राप्य होने से एक को एक क्रिया के प्रति कर्तृकर्मभाव का विरोध होने से उपास्यता असंभवित हैं। और स्वतः सिद्ध है वसुत्व जिसमें वह वसु ही उपेय प्राप्य किस तरह से हो सकता है, यह बात भी असंभवित है। क्योंकि कर्तृ कर्मभाव भेद घटित होता है। एक व्यक्तिप्राप्ति का कर्त्ता हो तथा वही व्यक्ति प्राप्तिक्रिया का कर्म हो ऐसा तो लोक विरुद्ध है। इसलिए एतादृशावान्तर विद्याओं में अर्थात् मधु विद्यादिक विद्या में मनुष्य को ही केवल अधिकार है। किन्तु तत्तत् देवताओं का अधिकार नहीं है इस बात को जैमिनि

ज्योतिषि भावाच्च ।१।३।३२।

'तं देवा ज्योतिषां ज्योतिरायुर्होपासतेऽमृतम्' [बृ० ६।४।१४।] इति ज्योतिषां ज्योतिः परमात्मा तस्मिन्देवानामुपासकभावोऽपि देवतान्तरोपेयभूतासु मध्वादिविद्यासु वस्वादीनामनधिकारः ॥३२॥

विवरणम्—ननु यदि मधुविद्यादिषु देवानामधिकारस्तदाकश्चिद् देवमपि परिकल्प्येत. यत् उपासनामात्रे देवानामनधिकार. इतीमां शङ्कां परिहर्तुम्. पुनरपि विचारयति यत्. यत्र विद्यायां सर्वज्ञः सर्वशक्ति संपन्नः परमपुरुष श्रीसाकेताधिपतिरुपास्यतया श्रूयते तादृश विद्याया भवतुनाम देवादीनामप्यधिकारः परन्तु यत्र विद्यायामुपास्यतया परमात्मा श्रूयमाणो न भवति किन्तु देव एवोपास्यतया श्रूयमाणस्तादृशविद्यायां देवादीनामसंभवादनधिकार इति जैमिनिमुनेर्मान्यतां स्पष्टयन्नाह "तं देवा" इत्यादि । तं सर्वलोकवेदप्रसिद्धं ज्योतिषामादित्यादीनामपि ज्योतिर्भूतं प्रकाशकम्, "तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति" "चक्षुषीचन्द्रसूर्यौ" इत्यादि आचार्य मानते हैं । अर्थात् ब्रह्मोपासना में तो अधिकार है । परन्तु देवतोपासना में देवता का अधिकार नहीं है । यह जैमिनि का मत है ॥३१

सारबोधिनी—यदि मधु विद्या में देवता का अधिकार नहीं है तब तो कदाचित् कोई व्यसनी पुरुष ऐसा भी कल्पना कर सकता है कि देवता को विद्यामात्र में अधिकार नहीं है देवता विद्या में अधिकारी नहीं है, क्योंकि देवता होने से मधुविद्या के समान, इस शंका का निराकरण करने के लिए कहते हैं "तं देव" इत्यादि । [सूर्यस्याऽपि भवेत्सूर्यो ह्यग्नेरग्निः प्रभोः प्रभुः(श्रीरामायण) उस लोक वेद प्रसिद्ध ज्योतिः स्वरूप जो सूर्यादिक उसका भी ज्योति प्रकाशक परमात्मा को देवतासूर्यादिक भी यह आयुरूप है, अमृत हैं, ऐसा जान करके उपासना करते हैं ।] इत्यादि स्थल में प्रकाश स्वरूप सूर्यादिक देवों का भी प्रकाशक परमात्मा उपास्यतया श्रूयमाण

भावन्तु बादरायणोऽस्ति हि ।१।३।३३।

तुना पक्षो व्यावृत्यते । आदित्यादिदेवानामप्यधिकृतेभावं भगवान् बादरायणः प्राहः । यत आदित्यादिदेवानामुपासनयाऽदित्यादिप्राप्त्यनन्तरमप्यपरिच्छिन्नसुखावाप्तये ब्रह्मप्राप्तीच्छात्वस्त्येव ॥३३॥

इति श्रीरघुवरीयवृत्तौमध्वधिकरणम् ॥८॥

श्रुतिप्रकाश्यं परमात्मानमायुरमृतमिति कृत्वा देवा अपि उपासनां कुर्वन्ति । इत्यादिस्थले ज्योतिषामपि ज्योतिः स्वरूपतया परमात्मा परिगृहीतो भवति । तत्र स्थले देवादीनामप्युपासकत्वं घटते एव । किन्तु यत्र देवतैवोपास्यतयोपासकतया च ज्ञायते तादृग्विद्यायामनधिकार देवानां जैमिनीर्वदतीति ॥३२॥

विवरणम्—मध्वादिविद्यासु यासु देवतैवोपास्या तादृशविद्यायां शक्रादिदेवानामधिकारो नास्तीति प्रतिपादितम् । कुतः ? असंभवात् । एकस्यां क्रियायां यः कर्त्ता स एव कर्म न संभवेदित्यस्य विरोधादित्याकारकाशङ्कासमाधानाय प्राह भगवान् बादरायणः । यत् देवस्य देवोपासना न संभवतीति सत्यम् परन्तु. आदित्यादि पदं

हो रहे हैं इस स्थल में तो देवता को उपासकत्व संभवित हैं । तो एतादृश जो परमात्म विद्या है उसमें सर्व साधारण रूप से देव मनुष्यादिक सबको अधिकार अबाधित रूप से है । परन्तु जिस विद्या में देवता ही उपास्य तथा उपासक है उस विद्या में उपासकरूप से देवताओं को अधिकार नहीं है। ऐसी मान्यता जैमिनि मुनि की है ॥३२॥

सारबोधिनी—मधुविद्यादिक में देवताओं को अधिकार नहीं है क्योंकि तादृश विद्या में उपास्य तत्तत् देवता है । तो वही उपासक नहीं हो सकते है । उपास्योपासक भाव भेदघटित है । ऐसा जो जैमिनी का मत है उसका प्रतिवाद करते हुए बादरायण भगवान् कहते है' कि देवता को भी तादृश विद्या में अधिकार है । इसी बात को

प्राप्तोप्यादित्यादिदेवो निरवच्छिन्नसुखप्राप्तये सर्वशरीरक परमात्मन उपासनं करोत्येव । सर्वोपासनायां परमपुरुषस्यैवोपास्यत्वात् एतादृशमाशयं प्रकटयितुमाह "तुना पक्षो व्यावृत्यते" इत्यादि "भावन्तु" इत्यादि सूत्र घटकस्तु इति शब्दो जैमिनिमतं प्रतिक्षिपति भगवान् बादरायणः आदित्यादिदेवानामपि अधिकारमात्रमनुमोदयति । हि यस्मात् कारणात् आदित्यादिदेवेनोपासनेन प्राप्त आदित्यादि-पदम् ततस्तत् प्राप्त्यनन्तरमपि निरवधिकनित्यापरिमितमोक्षसुख प्राप्त्यर्थं देवादिनामपीच्छा वर्तते. एवेति पुनः सर्वशरीरकपरमपुरुषस्यो-पासनायां प्रवर्तमाना भवन्ति देवा अपि "सोऽहं संन्यस्तभारो हि त्वामुपासे जगद्गुरुम्' रक्षां विधत्स्व भूतेषु मम तेजस्करो भवान् ॥" (श्रीरामायण ७।१०४।८) इत्यादि रूपेणपरममहर्षिणाप्रतिपादनात् । अतो देवानामपि अवान्तरविद्यासु अधिकारो भवत्येवेति संक्षेपः ॥३३॥

इति जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यरामप्रपन्नाचार्यकृतौश्रीरघुवरीयवृत्तिविवरणे मध्वधिकरणम् ॥८॥

स्पष्टीकरण करने के लिए प्रक्रम करते हैं "तुना पक्षो व्यावृत्यते" इत्यादि । "भावेतु" इत्यादि सूत्र घटक जो 'तु' पद है वह जैमिनी प्रदर्शित मत का निराकरण करता है । अर्थात् आदित्यादि देवों का भी अधिकार अवान्तर विद्या में है ऐसा भगवान् बादरा-यण आचार्य मानते हैं । इसमें युक्ति बतलाने के लिए कहते हैं "यत्" इत्यादि । आदित्यवसुप्रभृति देवों को उपासना से देवादि भाव के प्राप्ति हो जाने के बाद में भी अपरिच्छिन्न निरवधिक नित्य निरतिशय सुख प्राप्ति के लिए उन लोगों की भी ब्रह्म प्राप्ति करने की इच्छा रहती है । क्योंकि ब्रह्म प्राप्ति के बिना नित्यसुख प्राप्ति असंभव है । इसलिए देवता को भी उपासना में अधिकार है ऐसा श्रीबादरायण आचार्य मानते हैं ॥ ३३ ॥ इति मध्वधिकरणम्

॥ अथापशूद्राधिकरणम् ॥ ९ ॥

शुगस्य तदनादरश्रवणात्तदाद्रवणात्सूच्यते हि ।१।३।३४

मनुष्याणां ब्रह्मविद्यायामधिकारत्वेऽयं संशयः समुदेति यच्छूद्रस्यापि तत्राधिकारोऽस्ति न वेति । शूद्रस्याप्यर्थित्वसामर्थ्ययोः सत्वादस्तीति पूर्वपक्षः । अत्राभिधीयते—शूद्रस्य ब्रह्मविद्यायां

विवरणम्—मनुष्याणां तथा ब्रह्मविद्यायामधिकारस्तद्वत् देवादीनामप्यधिकारः प्रदर्शितः प्रक्रान्तप्रकरणेन । तत्र यथा मनुष्यत्वमपोह्य देवादीनामधिकारो वर्णितस्तथा मनुष्यगतद्विजातित्वादिविशेषधर्ममपोह्य मनुष्यत्वात्मकसामान्यधर्मं पुरस्कृत्य जातिशूद्राणामप्यधिकारो भवतु । न च शूद्रस्य वेदाध्ययनाभावान्नास्त्यधिकार इति वाच्यम् "तस्माच्छूद्रोयज्ञेऽनवक्लृप्त" इतिवत् शूद्रो ब्रह्मविद्यायामनधिकृत इत्याकारकनिषेधवाक्यस्याभावात् । ततश्चाधिकार कारणार्थित्वसामर्थ्यस्य च सत्वात्. निषादवत् वचनप्रामाण्यात्.

सारबोधिनी—इसके पूर्व प्रकरण में कहा गगा हैं कि ब्रह्मविद्या में तथा मधु प्रभृतिक विद्या में देवताओं का भी अधिकार है । अब यहाँ जो जाति शूद्र है, वह भी तो मनुष्य है, शूद्र को भी ब्रह्मविद्या में अधिकार होना चाहिए । क्योंकि देवादिवत् अर्थित्व सामर्थ्य शूद्र में है । नहीं कहो कि शूद्र को वेदाध्ययनाधिकार नहीं होने से अधिकार नहीं है, ऐसा कहना ठीक नहीं है । क्योंकि, "तस्मात शूद्रो यज्ञेऽनवक्लृप्तः" इत्यादि शास्त्र से जिस तरह यज्ञ में अधिकाराभाव कहा गया है । उस प्रकार से ब्रह्म विद्या में शूद्र का निराकरण परक कोई भी वाक्य नहीं है । अतः देवादिवत् जाती से जो शूद्र है उस को भी ब्रह्मविद्या में अधिकार है । केवल ब्राह्मण को ही है, ऐसा कोई नियम नहीं है । एतादृश आशङ्का का निराकरण करने के लिए प्रक्रम करते हैं "मनुष्याणां ब्रह्मविद्यायामित्यादि" । मनुष्य को जब ब्रह्म विद्या में अधिकार है तब यह संशय उत्पन्न

नाधिकारः । यतश्चोपासनस्य मनोनिर्वर्त्यत्वेऽप्यनुपनीतत्वेन वेदान्तवाक्यविचारैकसाध्यायां विद्यायामसामर्थ्यात् । 'नावेदविन्मनुते तम्बृहन्तम्' 'तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि' [बृ० ३।९।२६।] इत्यादि श्रुतिभिः स्वाध्यायाध्ययनोपजातज्ञानमेवोपासनोपाय इत्याम्नाय समयः । असामर्थ्येचार्थित्वमपि निरर्थकम् । समर्थस्यैवार्थित्वं सफलं

शूद्रस्याप्यस्त्येवाधिकारः । को हि चेतनः संसारविगमं विलक्षण सुखात्मकं मोक्षं नार्थयेत्, को वा परमदयालोः पादपद्म सेवां नाभिलषेत् । तस्मादत्र ब्रह्मविद्यायां देवादिवदेव शूद्रस्याप्यधिकारोस्तीति शङ्कां परिहर्तुं प्रकृतमिदं प्रकरणमारभमाणो वृत्तिकारोयवनिकापातं करोति "मनुष्याणां ब्रह्मविद्याधिकारत्वे" इत्यादि "मनुष्याणां सामान्यरूपेण मनुष्यत्वधर्मवतामर्थित्वसामर्थ्यवतां ब्रह्मविद्यायामधिकारो यदि अर्थित्वसामर्थ्यधर्मवत्वधर्मपुरःस्कारेण देवस्यापि तत्राधिकार स्तदा मनुष्यत्वधर्मवतां शूद्राणामपि तत्र विद्यायामधिकारो होता है कि शूद्र जो चतुर्थ जाति है उसको ब्रह्मविद्या में अधिकार है । अथवा जात्या शूद्र को ब्रह्मविद्या में अधिकार नहीं है । एतादृश संशय होता है नियामक कोई विशेष कारण के न होने से ।

अधिकार का कारण है अर्थित्व और सामर्थ्य वह तो शूद्र में भी है । क्योंकि कौन व्यक्ति होगा कि जिस को निरतिशय सुख प्राप्ति लक्षण मोक्ष के लिए अभिलाषा न हो । तथा तदनुकूल सामर्थ्य भी है । और जिस तरह यज्ञ में शूद्र के लिए निषेधक वाक्य है । उस तरह से ब्रह्म विद्या में वेद प्रवेश का निषेधक वाक्य नहीं है तस्मात् शूद्र को भी ब्रह्म विद्या में अधिकार है । एतादृश पूर्वपक्ष होता है । इस पूर्वपक्ष का निराकरण के लिए कहते हैं कि "अत्राभीधियने" इत्यादि । जो जन्म शूद्र है उसको ब्रह्म विद्या में अधिकार नहीं है । क्योंकि उपासना यद्यपि मन मात्र से संपादन करने के योग्य वस्तु है, तथापि जिसको उपनयनादि

भवति । वेदोपबृंहणरूपेतिहासादिभ्योऽपि नाऽस्य तथाविधज्ञानोपलब्धिः सम्भवति । "श्रावयेच्चतुरो वर्णानित्यादिवाक्यजातन्तु तस्य निष्कल्मषत्वाय प्रवर्तकम् । विदुरधर्मव्याधादीनां तु जन्मान्तरीयबोधोदयाधीनब्रह्मनिष्ठत्वमिति बोध्यम् । राज्ञो जानश्रुतेः "आजहारेमाः शूद्र" [छा० ४।२।५।] इति सम्बोधनं न जातिशूद्रयोगेन

भवतु । यतो जाति शूद्रस्याप्यधिकारो भवतु । यतोऽर्थित्वसामर्थ्ययोस्तस्यापि संभवात् । को हि सचेता अपरिच्छिन्नसुखं नाभिलषेत् । इत्येवं संशयो जायते । तत्रार्थित्वसामर्थ्ययोः शूद्रेऽपि सत्त्वात्तस्याप्यधिकारोऽस्ति । न च तस्य वेदाध्ययनाभावान्नास्त्यधिकार इति वाच्यम्. वेदाध्ययनस्य यज्ञविषयकत्वात् । यथा "शूद्रो यज्ञेऽनवक्लृप्त" इति वत् । "शूद्रो विद्यायामनवक्लृप्त" इति पर्युदासस्यादर्शनात् । विदुरधर्मव्याधादीनाञ्चाधिकारदर्शनादिति पूर्वपक्षः ।

तमिममाक्षेपं निराकर्तुमाह "अत्राभिधीयते" इत्यादि । जातिशूद्रस्यार्थित्वसामर्थ्ययोरधिकारकारणस्य विद्यमानत्वेऽपि देवादिवदधिकारो ब्रह्मविद्यायां नास्ति । कुतः ? वेदाध्ययनस्यासंभवात् । संस्कार नहीं हुआ है, तादृश व्यक्ति को वेदान्त वाक्य का जो विचार है तावन्मात्र साध्य विद्या में सामर्थ्य नहीं हो सकता है । "जो अवेद वित है अर्थात्सविधिक—जिसने वेद को नहीं पढ़ा है, वह व्यक्ति परम महान् उस परमात्मा को नहीं जान सकता है" तथा "तन्तु" [उपनिषद् में प्रतिपादित जो परम पुरुष परमात्मा है उसको मैं आप से पूछता हूँ] इत्यादि श्रुति वाक्यों से यह सिद्ध होता है कि वेदाध्ययन के द्वारा जायमान जो ज्ञान है तादृश ज्ञान ही उपासना में कारण है । ऐसी वैदिक मर्यादा है । तो शूद्रों को उपनयन नहीं होने से वेदाध्ययन का अधिकार नहीं है । और वेदाध्ययन नहीं होने से वेद जनित ज्ञान नहीं है और ज्ञानाभाव होने से उपासना नहीं हो सकती है । इसलिए शूद्र को सामर्थ्य

किन्तु ब्रह्मानुभवाभावेनास्य हृदये शुगुत्पन्नेति । इमं हार्दिकभावमभिदधानो मुनिः स्वस्मिन् सर्वज्ञत्वं ख्यापयन् शूद्रेति सम्बोधितवान् । शुक् चास्य हंसोक्तानादरवाक्यश्रवणात् तदैव रैक्वम्प्रत्याद्रवणात्सूच्यत इत्यतः शूद्रेत्यामन्त्रणं न जन्मसम्बन्धादतः जातिशूद्रस्य नास्ति ब्रह्मविद्यायामधिकारः । ३४ ॥

यद्यप्युपासनं मनसा निर्वर्त्यमानं भवति तथापि वेदांतवाक्यैकविचार प्रयोज्यायां ब्रह्मविद्यायां वेदाध्ययनरहितानां शूद्राणामनधिकारः । वेदज्ञानरहितः पुरुषः सर्वशक्तिमन्तं व्यापकं परमात्मानं न मनुते नो विचारयतीत्यर्थः "तं सर्वज्ञं सर्वशक्तिमन्तं पुरुषं य उपनिषत्स्वेवाधिगतस्तादृशं परमात्मानं पृच्छामि" इत्यादि श्रुतिसमूहैः वेदाध्ययनोत्तर जायमानं ज्ञानमेवोपासनायां कारणं भवति. नत्वेतदतिरिक्तज्ञानमुपासनोपयोगि भवति । यथा धर्मो वेदैकसमधिगम्यः तथैवात्मापि वैदेकसमधिगम्य एव । आत्मनोऽपि धर्मादिवत् वेदातिरिक्त प्रमाणागम्यत्वस्य श्रुतत्वादिति । वेदाध्ययनरूपसामर्थ्यस्याभावे केवलमर्थित्वं निरर्थकप्रायमेव । यो हि समर्थः स एव यद्यर्थी भवति तदैव का अभाव है, और जब सामर्थ्य नहीं है तो अर्थित्व होने पर भी वह अर्थित्व निरर्थक ही है । क्योंकि जो समर्थ है उसी का अर्थित्व सफल होता है । सामर्थ्याभाव में विद्यमान भी अर्थित्व नहीं के समान ही है । इसलिए सामर्थ्य का अभाव होने से जात्या शूद्र को ब्रह्मविद्या में अधिकार नहीं है यह सिद्ध हुआ । नहीं कहो कि "पठन्द्विजोवागृषभत्वमीयात् स्यात्क्षत्रियो भूमिपतित्वमीयात् । वणिग्जनः पुण्यफलत्वमीयाज्जनश्च शूद्रोऽपि महत्त्वमीयात्" इत्यादि शास्त्र से तो शूद्र को इतिहासाध्ययन में अनुमति है । और इतिहासादिक वेदार्थ का उपोद्बलक है । तब वेदाधिकार भी सिद्ध होता है । तो इसके उत्तर में कहते हैं, "श्रावयेच्चतुरोवर्णानित्यादि । 'श्रावयेच्चतुरो वर्णान्" इत्यादिक जो वचन हैं वे पाप राहित्य के लिए प्रवर्तक

कार्यं भवत्यन्यथा तु तदभाव एवेति । ननु भवतु नाम जातिशूद्रस्य वेदाध्ययनेऽनधिकार उपवीताद्यभावात् किंतु. तेषामितिहासाध्ययने तु नास्ति किमपि बाधकम् । प्रत्युत "पठन्द्विजोवागृषभत्वमीयात् स्यात्क्षत्रियो भूमिपतित्वमीयात् । वणिग्जनः पुण्यफलत्वमीयाज्जनश्च शूद्रोऽपि महत्वमीया" दित्यादि श्रीरामायणोयमहर्षिवचनं तु साधकमेव । इतिहासादिकं तु "वेदस्योपबृङ्हणकमिति भवत्येव शूद्रस्याधिकार इत्यत आह "वेदोपबृङ्हणरूपे" त्यादि ।' वेदोपबृङ्हणरूपेतिहासादिग्रन्थेभ्योऽपिजातिशूद्रस्य तथाविधज्ञानावाप्तिः संभवति शूद्रत्वादेव । यान्यपि "श्रावयेच्चतुरोवर्णमित्यादिकं पुराणादिपठनपरकाणि तान्यपि तेषां पापापनोदनाय प्रवर्तकमात्राण्येव न तु तानि विधायकानीति । ननु देवादीनामुपनयनाभावेऽपि वेदपूर्वकोपासनं भवति विदुरादीनामपि श्रूयते ब्रह्मज्ञत्वमिति कथमत्राधिकाराभावः प्रतिपाद्यते तत्राह, "विदुरधर्मव्याधादीनामित्यादि' । विदुरादीनां न तत् ऐहिक कर्मणो बलेन किंतु प्राग् भवीयसुकृतकर्मणो बलादेव । ज्ञानमुत्पद्यते पुंसां क्षयात्पापस्य कर्मणः" इत्यत्र ज्ञानोदये दुष्कृतकर्मणो-

वचन मात्र हैं विधायक नहीं है । विदुर धर्मव्याध प्रभृतिक जो शूद्र विशेष हैं उनको तो पूर्व जन्म में संपादित जो ज्ञान तादृश ज्ञान के उदयाधीन ब्रह्मनिष्ठत्व हुआ है । नतु ऐहिक वेदाध्ययन जनित ऐसा समझना चाहिए । राजा जान श्रुति को, "हे शूद्र इन सबवस्तुओं को वापस ले जाओ" इत्यादि क्रम से जो शूद्र पद से सम्बोधन किया है ऋषि रैक्व ने वह जाति शूद्राभिप्रायक सम्बोधन नहीं है । किन्तु राजा को ब्रह्म के अनुभव का अभाव होने के करण से इस राजा को शोच हुआ है, इस कारण से कहा है । हंस के अनादर वाक्य से राजा के मन में शोक हुआ है । इस बात को राजा स्वयं जानते थे, अन्य व्यक्ति को यह बात ज्ञात नहीं थी तो शोक होने के बाद ही जान श्रुति के पास गया है । अतः राजा के हृदय गत बात

ऽभावस्य प्रयोजकतायाः प्रतिपादनात् । न तत्र कथितं यदैहिकमेव पुण्य-कर्मपापस्य विनाशकम् । प्राक् भवीयकृतकर्मणा पापस्य विनाशस्ततश्च-ज्ञानोदयो भवतीति विदुरादीनां जन्मान्तरकृतसुकृतकर्मबलेन ज्ञानोदयो जातोऽत इदानीं वेदाध्ययनाभावेऽपि न क्षतिरिति ।

राज्ञोजानश्रुतेर्यन्मुनिना शूद्रेति संबोधनं कृतं तन्न जातिशूद्राभि-प्रायेण किंतु शोककरणात् शूद्र इति यौगिकार्थाभिप्रायेण कृतवान् । तादृशराज्ञो ब्रह्मानुभवस्याभावमूलको मनसि शोको जातस्तादृश शोकापनोदनाय रैक्वशकाशं गतवान् इत्यतो मुनिः स्वस्मिन् सर्वज्ञकल्पतां विख्यापयितुं तथा सम्बोधनं कृतवानित्यादिकं सर्वं दर्शयति "राज्ञो जान श्रुतेरिन्यादि ग्रन्थेन । "आजहारेमाः शूद्र? हे शूद्र ! इमा आजहार स्वसमीपे एव स्थापयेत्यर्थः । इत्यादिना यत्सम्बोधनं कृतवान राज्ञो जानश्रुतेः; न तत् जात्या शूद्ररूपेण किंतु ब्रह्मणोऽनुभवाभावेन यस्य शुक् उत्पन्ना तेन कारणेन । एवं रूपेण राज्ञो हृदयस्थमभिप्रायं प्रख्यापयन्मुनिः स्वस्मिन् सर्वज्ञकल्पतां निष्कुर्वन् तथा संबोधनं कृतवानिति । शोकश्चास्य हृदये हंसस्यानादरेण जाता । तत एव रैक्वं प्रति जगाम । तस्मात् शूद्रेति को मुनि ने शूद्र पद से सम्बोधन करके अपने में सर्वज्ञत्व का ख्यापन किया । इसलिए हेशूद्र ? इस प्रकार से सम्बोधन किया है । शोक करने के कारण शूद्र है । इस अभिप्राय से शूद्र इत्याकारक सम्बोधन हैं नतुजन्म-संबन्ध से शूद्र यह सम्बोधन है ॥ इसलिए जात्या जो शूद्र है उसको ब्रह्म विद्या में अधिकार नहीं है । क्योंकि अधिकार का कारण सामर्थ्य तथा अर्थित्व है । उसमें वेदाध्ययन नहीं होने के कारण से जाति शूद्र में सामर्थ्य का अभाव है । इसका कथन पहले कर दिया गया है । गीतादिक शास्त्र ब्रह्मविद्या होने से अधिकार वर्जित जाति शूद्र के प्रति उसका उपदेश भी परिवर्जित हो है । एतावता अनाराधितसद्गुरु असत्पथप्रतिपन्न ब्रह्मसूत्र-वेदान्तरहस्यानभिज्ञ का उन्मत्तप्रलाप दूरोत्सारित होता है निखिलवेदधर्मशास्त्र

क्षत्रियत्वावगतेश्चोत्तरत्र चैत्ररथेन लिङ्गात् ।१।३।३५।

"जानश्रुतिर्ह पौत्रायणः श्रद्धादेयो बहुदायी बहुपाक्य आस" [छा०४।१।१।] "स ह सञ्जिहान एव क्षत्तारमुवाच" इति संवर्गविद्यायां जानश्रुतेराख्यायिकाया आरम्भे तस्य श्रद्धया बहुदायित्वबहुपक्वान्नदायित्वक्षत्तृप्रेरकत्वगोनिष्करथकन्यादिप्रदातृत्वैश्च क्षत्रियत्वमवगम्यते एवमुत्तरभागे चास्यामेवाख्यायिकायां "अथ ह शौनकं

संबोधनं न जात्याशूद्राभिप्रायेणातो जातिशूद्रस्य नास्ति ब्रह्मविद्यायामधिकार इति स्थितम् ॥३४॥

विवरणम् :– पौत्रायणो जानश्रुती राजा न जातिशूद्रः किन्तु क्षत्रियः, तस्मिन् शूद्रशब्दप्रयोगस्तु योगार्थमादाय मुनिनाकृत इति पूर्वसूत्रे प्रसाधितम् । अत्रतु प्रक्रमादि हेतुना तस्य क्षत्रियत्वं साधयितुं प्रक्रमते "जानश्रुतिर्ह पौत्रायण" इत्यादि । जानश्रुति नामको राजा पौत्रायणः वंशनामैतत् । श्रद्धादेयः श्रद्धापूर्वकं ब्राह्मणेभ्यो ददाति यस्तादृशः । न केवलं श्रद्धयाल्पं ददाति किन्तु बहुदायी संख्ययाऽधिकप्रमाणेन चाधिकमर्थिभ्यो दातुं शीलं यस्य तादृशः । तथा बहुपाक्यः

पूर्वाचार्यदिव्य प्रबन्ध विरुद्ध होने से । इस विषय पर अधिक विचार भाष्य विवरण में तथा अधिकार मीमांसा निबन्ध में देखिये ॥३४॥

सारबोधिनी—पूर्वसूत्रोपदर्शित युक्तियों से जानश्रुति राजा शूद्र नहीं है किन्तु क्षत्रिय है ऐसा निश्चय हुआ । अब वक्ष्यमाण हेतु से भी सिद्ध करने के लिये कि जानश्रुति जाती शूद्र नहीं है । इस बात को बतलाने के लिए प्रक्रम करते है । "जानश्रुतिर्ह पौत्रायण" इत्यादि । इस से भी सिद्ध होता है कि राजा ज्ञान श्रुति जाति शूद्र नहीं है । क्योंकि उपक्रम वाक्य से ही सिद्ध होता कि यह जान श्रुति क्षत्रिय है । कौन उपक्रम वाक्य है इस जिज्ञासा के उत्तर में कहते है "जानश्रुतिरित्यादि प्रसिद्ध जान श्रुति नामक राजा पौत्रायण [यह वंश

च कापेयमभिप्रतारिणञ्च" [छा०४।३।५।] इत्युक्तम् । तत्राभिप्रतारि-सञ्ज्ञकस्य चैत्ररथत्वं क्षत्रियत्वञ्च कापेयसाहचर्य्यरूपलिङ्गादवगम्यते । यतोऽन्यत्र "एतेन चैत्ररथं कापेया अयाजयन" [ताण्ड्य ब्रा० १२।२।] इत्यादौ कापेयसहचारिणश्चैत्ररथत्वं क्षत्रियत्वञ्च दृष्टम् । एवमस्यां विद्यायां ब्राह्मणक्षत्रिययोरेव प्राधान्येन सम्बन्धोऽभिधीयते । अतश्चायं जानश्रुतिर्न जातिशूद्रः ॥३५॥

ओदनद्विदलपायसापूपादिविविधवस्तूनां पाकं कारयित्वा दानशीलकः कश्चिद्राजा आस वभूवेत्यर्थः । "स राजा सञ्जिहानः कदाचित् प्रात उत्थित एव क्षत्तारं प्रेष्य क्षत्रियमुवाच समुक्तवानिति संवर्गविद्या प्रकरणस्य आख्यायिकाया आरंभे उपक्रमे एव तादृश राज्ञोजानश्रुतेः श्रद्धापूर्वकविविधवस्तुनः प्रदानादि दर्शनेन जानश्रुतिः क्षत्रिय एवासीदिति निर्णीयते । यत् एतादृश दानादिशक्तिमत्वं क्षत्रियस्यैव स्वभाव इति दृश्यते । एवमेतस्या एवाख्यायिकाया उत्तर भागे उपसंहारे "अथ शौनकंकापेयम्" कपिगोत्रोद्भवं शौनकं तथा अभिप्रतारिनामकं राजानं क्षत्रियं च भिक्षितवान् कश्चिद् ब्रह्मचारी । तत्राभिप्रतारिनामकस्य पुरुषस्य चैत्ररथस्य क्षत्रियत्वमवगम्यते

का नाम है ।] श्रद्धापूर्वक देनेवाला । एतावता "अश्रद्धया हुत दत्तम्"इत्यादि स्मृति प्रसिद्ध तामसदानका निराकरण किया है । तथा बहुदायी था । अर्थात् अनेक वस्तु अधिक परिमाण से देने वाला था, न तु अल्पदायी था, वहुपाक्य अनेक प्रकारक अपूप पायस ओदन द्विदलका वितरण करनेवाला था । एतादृश गुण विशिष्ट जान श्रुति राजा हुआ । "वह कदाचित प्रातःकाल में ही उठ करके क्षत्रा प्रेष्य क्षत्रिय को कहा ।" इस प्रकार से संवर्ग विद्या के जान श्रुति आख्यायिका के प्रारंभ में ही जानश्रुति के विषय में बहुदायित्व बहुपक्व अन्न वितरकत्व क्षतृ प्रेरकत्व सुवर्णरथ कन्यादि विविधोपहार समर्पकत्वादि हेतुओ से उस राजा में क्षत्रियत्व अवगत होता है । एवम् इसी आख्यायिका

संस्कारपरामर्शात्तदभावाभिलापाच्च ।१।३।३६।

'उपत्वानेष्ये' 'न सत्यादगाः' इति तमुपनीय, [छा०४।४।५।] इति ब्रह्मविद्योपदेशे ह्युपनयनसंकारस्य परामर्शाच्छूद्रस्य च 'न शूद्रे

कापेय याजकब्राह्मणस्य साहचर्यात् । यतः समानानामेव प्रायः समानेन साहचर्य्यं भवतीति । तस्मात् कापेय सम्बन्धात् चैत्ररथस्य क्षत्रियत्वं दृष्टमितीहापि तस्य क्षत्रियत्वं स्पष्टत एव प्रतिभाति । यतोऽन्यस्थलेऽपि "एतेन चैत्ररथं कापेया अयाजयन" इत्यादौ कापेय ब्राह्मणसहचारात् चैत्ररथस्य क्षत्रियत्वं दृष्टमेव। समानगोत्र ब्राह्मणः समानगोत्रस्य क्षत्रियस्य याजको भवति । इत्थमेवेह संवर्गविद्यायां ब्राह्मणक्षत्रिययोरेव प्राधान्यं दृश्यते तस्मात् जानश्रुतिर्जन्मना क्षत्रिय एव नतु जन्मना शूद्रः शोकोपाधिमाश्रित्य तस्य शूद्रशब्देन सम्बोधनं कृतवान् मुनिरिति न जाति शूद्रो राजेति निश्चीयते । अतो न जात्या शूद्राणां ब्रह्मविद्यादावधिकार इति निर्गलितोऽर्थः ॥३५॥

के उत्तर भाग में "कपिगोत्रोत्पन्न शौनक को तथा अभिप्रतारी नामक क्षत्रियको" ऐसा कहा गया है । वहाँ अभिप्रतारी नामक व्यक्ति में चैत्ररथत्व तथा क्षत्रियत्व कापेय साहचार्यरूपलिङ्ग से अवगत होता है । जैसे अन्य स्थल में भी, "कपिगोत्रोत्पन्न ब्राह्मणो ने चैत्ररथ को यज्ञ कराया" इत्यादि स्थल में कापेय सहचारी राजा में चैत्ररथत्व तथा क्षत्रियत्व देखा गया है । उसी प्रकार इस संवर्ग विद्या में भी प्रधान रूप से ब्राह्मण क्षत्रियका ही संबन्ध हो गया है तो इससे यह सिद्ध होता है कि राजा जानश्रुति क्षत्रिय हैं । न तु जाति शूद्र । जाति शूद्र का निराकरणपरक अनेक श्रुति तथा युक्ति है । मुनि ने जो शूद्र पद से सम्बोधन किया वह केवल योगार्थ विषयता को लेकर के किया ॥३५॥

सारबोधिनी—जाति शूद्र का सामर्थ्याभाव के कारण से ब्रह्म विद्या में

पातकं किञ्चिन्न च संस्कारमर्हति" [मनु० १०।१२६।] इत्यादिभिः संस्कारस्याभावाभिधानान्न तस्य ब्रह्मविद्यायामधिकारः ॥३६॥

विवरणम्—इतः पूर्वसूत्रद्वयाभ्यां ब्रह्मविद्यायां जातिशूद्रस्य नाधिकार इति श्रुतियुक्त्यादिभिः स्थिरीकृतम् । इतो ब्रह्मविद्यायामङ्गभूतमुपनयस्य शूद्रेऽभावादपितस्य ब्रह्मवि[illegible]ायां नास्त्यधिकार इति दर्शयितुं सूत्रमवतारयन्नाह "उपत्वानेष्ये" इत्यादि । अयमर्थः जबाला पुत्रो हि सत्यकामो विद्यामध्येतुं गुरुसकाशं गतवान् । गुरुणा पृष्टः किं गोत्रोऽसि ? तदनन्तरं मात्रा कथितं सर्वं यथा भूतं गुरवे निवेदितवान् । गुरुश्च सत्यादनपगतं ज्ञात्वा ब्राह्मण एवायमिति निश्चित्योपनयनं कृत्वा तस्मै विद्यामुपदिदेश । तस्माद्गम्यते यत् उपनयनं विद्याङ्गभूतं शूद्रे तादृशसंस्कारस्याभावान्नास्ति तस्य विद्याधिकारः । एतत्सर्वं पिण्डीकृत्य वृत्तिकारः प्रदर्शयति "उपत्वानेष्ये" इत्यादि हे सत्यकाम ! त्वामहंनेष्ये यतस्त्वं सत्यान्नागा इति

अधिकार नहीं है ऐसा पूर्वसूत्रद्वय में प्रतिपादन किया गया है युक्ति श्रुति के द्वारा । इसके बाद ब्रह्मविद्या के अङ्ग भूत जो उपवीत संस्कार है तादृश उपनयन के अभाव होने से ब्रह्मविद्या में अधिकार नहीं है इस बात को बतलाने के लिए सूत्रावयव का उपाख्यान करते हुए उपक्रम करते हैं "उपत्वानेष्ये" इत्यादि । जबाला के पुत्र सत्यकाम विद्याध्ययन करने के लिए गुरु के यहाँ गये । तब गुरु महाराज ने पूछा कि तुम्हारा गोत्र क्या है ? तदनन्तर सत्यकाम ने कहा कि हे गुरो अपनी माता को मैने गोत्र के विषय में जब पूछा तब उन्होने कहा कि मुझको गोत्र मालूम नहीं है । ऋषि को कहना कि मै जबाला का पुत्र हूँ । इस बात को सुन करके गुरु ने कहा कि "हे सत्यकाम ! तुमने सत्य को नही छोड़ा, तुम सत्यवादी हो, अतः अवश्य तुम ब्राह्मण हो । समिधादिक लाओ मैं तुम्हारा उपवीत संस्कार करूँगा ।

तदभावनिर्धारणे च प्रवृत्तेः ।१।३।३७।

"नैतदब्राह्मणो विवक्तुमर्हति" [छा०४।४।५।] इति शूद्रत्वाभावनिर्धारण एव ब्रह्मविद्यायां प्रवृत्तेर्न तत्र शूद्रस्याधिकारः ॥३७॥

तस्योपनयनं कृतवान । एवं प्रकारेक विद्योपदेशप्रकरणे ह्युपनयनसंस्कारस्यात्यावश्यकता प्रदर्शिता । शूद्रस्य तु मन्वादिस्मृतिभिः संस्काराभावस्य प्रतिपादनात् शूद्रे किमपि पातकं नास्ति नवा स संस्कारार्हः । अतः संस्काराभावेन तस्य शूद्रस्य ब्रह्मविद्यायामधिकाराभाव इति समुदितार्थः ॥३६॥

विवरणम्—अपि चैतादृशवचनं सत्यात्मकं ब्राह्मणभिन्नो न कोऽपि वक्तुं शक्नोति । सत्यवचनादेवज्ञातं मया यत्त्वं ब्राह्मणः । एवं क्रमेणमुनेर्यदा शूद्रत्वाभावस्य निश्चयोजातस्तदनन्तरमेवाज्ञापि-
और सत्यकाम का उपनयन संस्कार करके विद्या का अध्ययन कराया । विद्या के उपदेश में उपनयन संस्कार की आवश्यकता है और जातिशूद्र को तो, "न शूद्रे पातकं किंचिन्न च संस्कार मर्हति" [शूद्र में किसी प्रकार का पातक नहीं है । तथा शूद्र किसी भी संस्कार उपवीतादिक को प्राप्त करने के योग्य नहीं है । "] इत्यादि स्मृतियों से संस्कारभाव का प्रतिपादन होने के कारण से जन्म शूद्र को ब्रह्म विद्या में तथा किसी भी विद्या में अधिकार नहीं है । यद्यपि कोई–कोई नवीन संस्कार से आधुनिक वातावरण के प्रभाव से शूद्र को भी अधिकार है यह कहकर के शूद्र को भी वेदादिक शास्त्र पढ़ने का अनुमोदन करते हैं तथा पढ़ाते भी है । वह केवल उनकी अज्ञानता का ही परिचय देता है । वे लोग शास्त्र मर्यादा का उल्लङ्घन करते हैं । ॥३६॥

सारबोधिनी—विद्या ग्रहण करने में उपवीतादि संस्कार को भी कारणता है उपनयाधिकार शूद्र को नहीं होता । तव संस्कार रहित शूद्र को विद्यामें अधिकार नहीं है यह स्वत सिद्ध है । तथा सामर्थ्याभाव से भी

श्रवणाध्ययनार्थप्रतिषेधात्स्मृतेश्च ।१।३।३८।

"अथ हास्य वेदमुपशृण्वतस्त्रपुजतुभ्यां श्रोत्रप्रतिपूरणम्" [गौतमस्मृ० ३।१२।३।] 'शूद्र समीपे नाध्येतव्यद्' 'न शूद्रायमर्तिं दद्यात्'

तवान् समिधादिकमानय ? त्वामुपनीय विद्यामध्यापयिष्यामीति शूद्रत्वाभावनिश्चयानन्तरमेवोपनीयाध्यापितवानिति, शूद्रत्वजात्यवच्छिन्नविषयकनिश्चयवतः कथमधिकारो विद्याध्ययने इति ब्रह्मविद्यायां नाधिकारं भजते शूद्र इत्येवमर्थं प्रतिपादयितुं प्राह, "नैतद ब्राह्मणः" इत्यादि । एतादृशं सत्यवचनं ब्राह्मणादन्यो वक्तुं न शक्ष्यत इत्येवं रूपेण शूद्रत्वस्याभावज्ञानानन्तरमेवाध्यापने मुनेः प्रवृत्तिदर्शनात् शूद्रत्वजात्यवच्छिन्नस्य नैव विद्यायां ब्रह्मविद्यायां वाधकािर इति सूत्रप्रकरणस्याऽर्थः ॥३७॥

विवरणम्—न केवलं तदभावसंस्कारसामर्थ्यहेतुभिरेवब्रह्मविद्यायां शूद्रस्याधिकारो नास्ति किन्तु वक्ष्यमाणहेतुनापि जातिशूद्रस्य विद्या ग्रहणे नास्त्यधिकार इति दर्शयितुं सूत्रोपन्यास पूर्वकमुपक्रमते "अथ-

ब्रह्मविद्या में शूद्र को अधिकार नहीं है । इस बात को पूर्व सूत्रत्रय से बतला करके, विरोधी निश्चय भी कार्य में बाधक होता है इस बात को ध्यान में रख करके विरोधी निश्चय का प्रदर्शन कराते हुए कहते है "नैतदब्राह्मण" इत्यादि । ब्राह्मण भिन्न शूद्र एतादृश सत्य वचन को नहीं बोल सकता है । इत्यादि रूप से जब ऋषि को सत्यकाम शिष्य में शूद्रत्वाभाव का निश्चय हो गया, तदनन्तर ही सत्यकामके विद्याध्यापन में प्रवृत्ति हुई । इस से शूद्रत्वज्ञान प्रतिबन्धक है ऐसा निश्चय है तादृश शूद्र को उपनयाभाव होने से किस तरह विद्या में अधिकार होगा अतः जो जन्म से शूद्र है उसको ब्रह्मविद्या में अधिकार नहीं है ऐसा सूत्र का भावार्थ है वृत्ति का अक्षरार्थ तो अतिरोहित है इसलिए पार्थक्येन उसका व्याख्यान नहीं किया गया है ॥३७॥

[मनु० ४।८०।] इत्यादि स्मृतेश्च शूद्रस्य वेदश्रवणादीनां प्रतिषेधादतो न शूद्रस्य ब्रह्मविद्यायामधिकार इति सिद्धम् ॥३८॥

इति श्रीरघुवरीयवृत्तावपशूद्राधिकरणम् ॥९॥

हास्य वेदम्" इत्यादि। नास्ति शूद्रस्याधिकारस्तत्र प्रमाणं दर्शयति, "अथ हास्येत्यादि" यदि कदाचिद् जातिशूद्रोमहाशूद्रो वा वेदस्याध्ययनं कुर्यात् तत्रायं श्रवणप्रतिषेधः तदा वेदमुपश्रृण्वतः शूद्रस्य त्रपुजतुभ्यां संतप्ताभ्यां श्रोत्रस्य पूरण कुर्यात्। अर्थात् यदि हठाग्रहात् वेदस्य श्रवणं कुर्यात् तदा जतु संतप्य तस्य श्रोत्रं प्रपूरणीयम्। अथ यदि वेद शब्दमुच्चारयेत्तदा तदीय जोह्वाया उच्छेदः करणोयः। अथ यदि शरीरे वेदं धारयेत्तदाङ्गस्य उच्छेदनं कुर्यात्। इत्येवं क्रमेण गौतमादि स्मृतौ प्रतिपादनात् एवं शूद्रस्य समीपे वेदस्याध्ययनं न कर्त्तव्यम् एवं "न शूद्राय मति दद्यात्" न चास्योपदिशेद्धर्मं न चास्य व्रतमादिशेत् इत्यादि मानवीय स्मृतावपि शूद्रस्यवेदाध्ययनादि विषये निषेधो दृश्यते। तस्माज्जातिशूद्रस्य ब्रह्मविद्यादीनामध्ययनेऽधिकारो नास्त्येवेति सिद्धमिति संक्षेपः ॥३८॥

इति जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यरामप्रपन्नाचार्यकृतौ
श्रीरघुवरीयवृत्तिविवरणेऽपशूद्राधिकरणम् ॥९॥

सारबोधिनी– शूद्रत्वाभाव का संस्कार सामर्थ्यादि कारण मात्रसे ही शूद्र को ब्रह्मविद्या में अधिकार नहीं है ऐसा नहीं किन्तु वक्ष्यमाण हेतु से भी सिद्ध होता है कि जाति शूद्र को ब्रह्मविद्या में अधिकार नहीं है इस बात को बतलाने के लिए उपक्रम करते हैं। "अथ हास्य" इत्यादि। यदि शूद्र वेद का श्रवण करे तो उसके कान शीललाह को गरम कर भर देवे। अगर बोले तो जीभ काट देना। "शूद्र के समीप में अध्ययन न करना" शूद्र को धर्म व्रतादि विषयक उपदेश नहीं करना। इत्यादि स्मृतियों से शूद्र को वेद श्रवण तदर्थानुष्ठानादि का प्रतिषेध किया गया है। इसलिए जो जाति से शूद्र है उसको ब्रह्मविद्या में अधिकार नहीं है यह सिद्ध हुआ ॥३८॥ इति अपशूद्राधिकरणं समाप्तम् ॥

अथ कम्पनाधिकरणम् ।।१०।।

कम्पनात् ।१।३।३९।

प्रासङ्गिकं विचिन्त्य प्रकृतमनुसरति । "यदिदं किञ्च जगत्सर्वं प्राण एजति निःसृतम् । महद्भयं वज्रमुद्यतं य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति" [का० २।३।२।] इत्यत्र प्राणशब्दो मुख्यप्राणमभिधत्ते-

विवरणम्—गतापशूद्राधिकरणेन कस्य ब्रह्मविद्यायामधिकारः कस्याधिकारोनास्तीत्यादि क्रमेण प्रसङ्गप्राप्तस्याधिकारस्य विचारः कृतः । अतः परं पुनस्तमेव ब्रह्मविचारं प्रस्तौति, "प्रासङ्गीकं विचिन्त्य प्रकृतमनुसरतीति" । प्रसङ्गप्राप्तस्याधिकारस्य विचारं कृत्वा तदनन्तरं पुनः प्रकृत ब्रह्मण एव विचारं करोति तथाहि "यदिदं किचेत्यादि" यत् किञ्चिदिदं परिदृश्यमानं जगत् तत्सर्वमेव जगत् निःसृतं प्राणादुत्पद्यमानं प्राणे एवाभिन्ननिमित्तोपादानभूते परब्रह्मणि साकेताधिपतौ एजति कंपते चलति प्राणपदबोध्य परं ब्रह्मणः सकाशादेव विनिर्गतं सत् तत्रैव ब्रह्मण्यवस्थितस्तं स्वकीय चलनादि सर्वव्या-

सारबोधिनी— ब्रह्मविद्या में अधिकार नहीं है, इत्यादि क्रम से प्रसङ्ग प्राप्त अधिकार विषयक विचार को समाप्त करके पुनः प्रक्रांत जो ब्रह्म विचार उसीका अग्रिम विचार के लिए उपक्रम करते हैं । "प्रासङ्गिकमित्यादि ।" प्रासङ्गिक प्रसङ्ग प्राप्त अधिकारक विचार करके प्रकृत जो ब्रह्म विचार है उसीका अनुसरण करते हैं "यदिदं किंच" इत्यादि । [परिदृश्यमान जो कुछ यह जगत है वह प्राण से उत्पद्यमान होता हुआ, प्राण में प्राणपदवाच्य ब्रह्म से ही निर्गत समुत्पन्न होकरके उसी में अवस्थित होकरके स्वकीय स्वकीय व्यापार करता है । वह उद्यत वज्र के समान अति भयप्रद है जो उपासक इसको जानते हैं वे अमृत स्वरूप हो जाते हैं ।] इस प्रकार से कठवल्लो में सुनने में आता है । एतदन्तर्गत जो प्राण शब्द है उससे मुख्य प्राण का बोध होता है या सर्वजगत् का

ऽथवा जगत्कारणं ब्रह्मेति संशयः। प्राणपदस्य मुख्यप्राणे प्रसिद्धत्वात्कम्पनधर्मकत्वाच्च प्राणवायुरेवात्राभिधीयत इति पूर्वपक्षः। सिद्धान्तस्तुसर्वचेष्टाहेतुत्व, सर्वोत्पादकत्व वाय्वादिभयकारित्वमुक्तिदत्वादि-

---

पारं कुरुते। एतस्य जड़चेतनसूक्ष्मस्थूलरूपस्य जगत उत्पत्ति स्थितिलयकारणं तद् ब्रह्म, महद्भयम्. बिभेति जगदस्मादितिभय मर्थाद् भयजनकम्। तत्र कारणमाह वज्रमुद्यतम्। उद्यतं प्रहर्तुं सज्जीकृतं वज्रमिव, यथा कश्चित् प्रहर्तुकामः स्वकरे वज्रमुद्यतं कुरुते तत् उद्यतं वज्र यथा महद् भयजनकं तथा प्राणपदबोध्यं ब्रह्मापि महतो भयस्य जनकं भवति। ततस्तदिच्छानुवर्तिनो भूत्वा वायुप्रभृतिकाः सर्वे नियमेन स्व स्वव्यापारे प्रयतमाना भवन्तीति। ये उपासका तं प्राणशब्दबोध्यं परमात्मानं य प्रमादेन स्वस्वव्यापारे प्रवर्तनाय जगतो भयजनकं ब्रह्म विदुर्जानन्ति तेऽमृता भवन्ति संसारान्मुच्यन्ते।' अस्यां श्रुतौ श्रूयमाणः प्राणशब्दः किं मुख्यस्य बोधकः सम्पूर्ण जगत्कारणस्य परमात्मनो वा बोधक इति विशेषहेत्वाभावात्संशयो जायते। ततश्च प्राण शब्दस्य वायौ लोके च प्रसिद्धेः सर्वाकारणी भूत जो ब्रह्म हैं, तादृश ब्रह्म का बोधक यह प्राण है, ऐसा संदेह होता है। क्योंकि अन्यतर पक्ष का कोई निर्णायक नहीं है।

इसमें पूर्वापवादी कहते हैं कि प्रकृतस्थल में जो प्राणपद है वह वायुविकार मुख्य प्राण का ही बोधक है। क्योंकि प्राणपद की प्रसिद्धि वायुविकार में ही है। और सिद्धि का परित्याग करना उचित नहीं है। और कम्प अर्थात् चलन ईरण लक्षण धर्म भी वायु में है। इसलिए भी प्राणपद से वायु का ही ग्रहण होता है परमात्मा का नहीं। क्योंकि परमात्मा तो सर्व प्रकारक क्रिया रहित है, "निष्कलं निष्क्रियं शांतंनिरवद्यं निरञ्जनम्" इत्यादि श्रुतियों से सिद्ध होता है कि परमात्मा सर्वप्रकारक क्रिया रहित है। इसलिए प्राणपद वायुविकार प्राण का ही बोधक

परमात्मधर्माणां श्रुतत्वात्परमात्मैवात्र प्राणशब्देनोच्यते । "प्राणस्य-प्राणम्" [बृ० ३।७।१५।] 'न प्राणेन नाप्राणेन मर्त्यो जीवति कश्चन। इतरेण तु जीवन्ति यस्मिन्नेतावुपाश्रितौ" [का० २।४।५।] इत्यादि

पेक्षयावलवत्वेन वायुविकार भूतो मुख्य प्राण एव परिगृहीतव्यः । इतरप्राणापेक्षयामुख्यप्राणस्यास्मिन् शरीरे सर्व प्रथमं वृत्तिलाभादा-शरीरमवस्थानाच्च कयाचिदपेक्षयाऽमृतत्वादि धर्मवत्वस्यापि कथञ्चित्सं-भवात् । वायुविकाररूपो मुख्य प्राण एव परिगृहीतव्यः कंपनादि क्रियावत्वाच्चेति पूर्वपक्षः । एतादृश पूर्वपक्षनिराकरणाय प्राह "सिद्धा-न्तस्तु" इत्यादि । अत्र प्राणशब्देन न मुख्य प्राणस्य ग्रहणं किन्तु परमात्मनः सर्वजगत्कारणस्यैव ग्रहणम्, कुतः कंपनात् । अर्थात् पर-मात्मनो येऽसाधारणा धर्माः कंपनादिकाः सर्वप्रेरकत्वादयः सन्ति त एवेह प्रकरणे पूर्वस्मिन् परस्मिन्नपि समुपलभ्यन्ते । केऽसाधारणाः परमात्मधर्मा इति जिज्ञासायां तानेव विशिष्य प्रदर्शयति "सर्वचेष्टा

होता है परमात्मा का नहीं । यह पूर्वपक्ष का आशय है । इस प्रश्न का उत्तर देते हुए वृत्तिकार कहते हैं "सिद्धांतस्तु" इत्यादि । इस प्रकरण में परमात्मा का जो असाधारण धर्म है, जैसे सर्व चेष्टाकारणत्व सकल जगदुत्पादकत्व वायु प्रमुखसर्वदेवादि भयजनकत्व" इत्यादि अनन्य साधारण धर्म हैं ये तो परमात्मा भिन्न में कदापि समन्वीयमान नहीं हो सकते हैं तो परिशेषात् सिद्ध होता है कि एतादृश धर्म का अधिकरण प्राण-पद बोध्य परमात्मा ही है । वायुविकार रूप प्राण नहीं । एवं "प्राण-स्य प्राणम् " प्राण का भी प्राण है, तथा, "न प्राणेन नाप्राणेन" यह जीव प्राण से अपानादि से जीवित नहीं है । किंतु एतदभिन्न किसी की सत्ता से जीवित है जिसमें यह प्राण तथा अपनादि आश्रित हैं, इत्यादिस्थल में प्राण पद का प्रयोग परमात्मा में देखने में आता है । "प्राणस्य प्राणम्" यहाँ षष्ठी निर्दिष्ट प्राणवायु विकार परक है, प्रथमांत-

श्रुतिषु प्राणपदं परमात्मनि दृष्टम् । तस्मात्परमात्मैवात्र प्राणः ॥३९॥
इति श्रीरघुवरीयवृत्तौ कम्पनाधिकरणम् ॥१०॥

